मेले में 100 छात्रों को मिला रोजगार

बल्लभगढ़, संवाददाता। तिगांव रोड स्थित अग्रवाल कॉलेज में शनिवार को रोजगार मेले का आयोजन किया गया। जिसमें कॉलेज के सैकड़ों छात्र-छात्राओं ने हिस्सा लिया। मेले में हिस्सा लेने वाले लगभग 100 विद्यार्थियों को बैंकों तथा प्राईवेट कंपनियों में नौकरी मिली।

अग्रवाल विद्या प्रचारिणी सभा के प्रधान देवेंद्र गुप्ता और अग्रवाल कॉलेज के प्रिंसिपल डॉ के.के गुप्ता के मार्गदर्शन में यह रोजगार मेला लगाया गया। कॉलेज इंचार्ज डॉक्टर संजीव गुप्ता, व संयोजिका शिल्पा गोयल ने बताया कि कॉलेज में यह चौथा रोजगार मेला है। रोजगार मेले में टेस्ट दे रहे विद्यार्थियों को मौके पर जाकर कॉलेज स्टॉफ ने उनका हालचाल पूछा और उन्हें नौकरी के लिए शुभकामनाएं दी। डा.संजीव ने

बल्लभगढ़ के अग्रवाल कॉलेज में शनिवार को रोजगार मेले में इंटरव्यू देते छात्र। • हिन्दुस्तान

बताया कि इससे पहले लगाए गए रोजगार मेलों में उनके कॉलेज के सैकड़ों विद्यार्थियों को जॉब मिल चुकी है। यह नौकरी बड़ी कंपनियों तथा भारत के बड़े बैंकों में विद्यार्थियों को मिली है। फाइनल ईयर के छात्र-छात्राएं अब अपनी पूरी पढ़ाई करने के बाद नौकरी ज्वाइन कर लेंगे। इस मौके पर सीईईपी के हेड मनोज सिंह, दीपमाला, स्वाति अग्रवाल, शिल्पी गुप्ता, रितु, अंकिता व शिल्पी गोयल सहित कई प्रोफेसर मौजूद थे।